# सतना से कंपनी जा रही मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, बिलासपुर रूट प्रभावित

मंगलवार दोपहर कटनी में गायत्री नगर पुलिया के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। यह मालगाड़ी सतना से जिप्सम लेकर बिलासपुर की ओर जा रही थी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



सतना।

जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली,मंडल रेल प्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक अपनी तकनीकी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। बेपटरी हुए डिब्बे को वापस ट्रैक पर लाने के लिए क्रेन और अन्य उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों की पहली प्राथमिकता ट्रैक को जल्द से जल्द खाली करके सामान्य रेल यातायात बहाल करना है। इस घटना से बिलासपुर रूट पर ट्रेनों का संचालन कुछ समय के लिए रुक गया है। रेलवे के अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही ट्रैक की मरम्मत कर ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा।



## राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**मैहर।** भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित करने हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम रिछाई,जबलपुर की टीम द्वारा परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 24 सितम्बर 2025,समय प्रातः 11:00 बजे स्थान जनपद पंचायत प्रांगण,मैहर में शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का परीक्षण किया जाएगा।परीक्षण हेतु पंजीकरण के समय वरिष्ठ नागरिकों को निम्न दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। जिसमें आधार कार्ड समग्र आईडी शामिल है प्रशासन ने अधिक से अधिक वृद्धजनों से शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

खबर संक्षेप

### मैहर शहर में धड़ल्ले से हो रही मवेशियों की तस्करी

**मैहर।** मैहर शहर में मवेशियों की अवैध तस्करी का मामला फिर से सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह मवेशियों,खासकर भैंसों को जबरन ठूंस-ठूंसकर वाहन में लादा जा रहा है। वीडियो देखने वालों का कहना है कि यह दृश्य इंसानियत को शर्मसार करता है और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। सूत्रों के अनुसार, यह मवेशी स्थानीय स्तर से इकट्ठा कर अवैध तरीके से बाहर भेजे जाते हैं,जहां उनका अवैध वध होता है। कई वर्षों से चल रहे इस धंधे में स्थानीय प्रभावशाली लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। मामले में एक निवासी कटिया तिघरा का बताया जा रहा है यह लंबे समय से मवेशियों की अवैध तस्करी कर रहा है। ग्रामीणों और शहरवासियों का कहना है कि यदि पुलिस विभाग और प्रशासन चाह ले तो इस अवैध धंधे पर तुरंत रोक लगाई जा सकती है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं तस्करों को संरक्षण प्राप्त है।स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।साथ ही मवेशियों की अवैध तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### मैहर प्रभारी मंत्री आज कार्यक्रमों में शामिल होंगी

**मैहर।** जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमति राधा सिंह मैहर में 24 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगीं। प्रभारी मंत्री 24 को आएगी और सर्वप्रथम माता के दर्शन कर अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। पजानकारी के अनुसार मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमति राधा सिंह 24 सितंबर बुधवार को प्रातः 5.40 रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आएंगी और सर्किट हाउस जाएंगी। इसके बाद सुबह 8.30 पर मां शारदा देवी के दर्शन करेंगी और 9बजे जीएसटी बचत उत्सव के संबंध में व्यापारियों एवं आम नागरिकों को चर्चा करेंगी। दोपहर 12 बजे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत अमदरा मण्डल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सहभागिता करेंगी। शाम 5 बजे मैहर से चितरंगी के लिए रवाना हो जाएगी।

### गोदग्राम मानपुर में चलाया गया सेवा पखवाड़ा अभियान

**मैहर।** महाविद्यालय मैहर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गोदग्राम मानपुर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैहर प्राचार्य डॉ.राजेश सिंह के निर्देशन में 17सितंबर से 2अक्टूबर 2025 के मध्य चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा के अंतर्गत 23 सितंबर 2025 को गोदग्राम मानपुर में स्वच्छता सेवा एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में खैरमाई मंदिर के चारों ओर साफ सफाई एवं पौधारोपण किया गया।साथ ही खेती एवं पौधों में जैविक उर्वरक देने के विषय में भी बताया गया।इस अभियान में महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ममता गुप्ता,सेवानिवृत्ति अभियंता राजेश कुमार गुप्ता,राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव,समाजसेवी एवं वैश्य समाज के अध्यक्ष मिथिलेश गुप्ता,सेवानिवृत्ति बैंक प्रबंधक कैलाश चौरसिया,शिक्षक रामनारायण सोनी,एवं शिवनारायण सोनी तथा पुलिस विभाग से श्रवण कुमार सोनी उपस्थित रहे। इसके साथ ही साथ गोद ग्राम मानपुर से रामनरेश एवं शिव प्रसाद आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय में हो रहा है।



## बीएसएफ जवान के परिवार पर हमला, गर्भपात कराने का आरोप

सतना।

जैतवारा थाना क्षेत्र के ग्राम संग्राम टोला में एक बीएसएफ हेड कॉन्स्टेबल के परिवार पर हमले का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पीड़ित ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञानेन्द्र ने आरोप लगाया है कि 12 जून को संतोष सिंह,अरुण प्रताप सिंह,उपेन्द्र सिंह और अभिषेक सिंह सहित कुछ अन्य लोगों ने उनके परिवार पर हमला किया। पीड़ित के अनुसार,हमलावरों ने उनकी भाभी नीलम सिंह को जबरन जहर खिला दिया,जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। इसके अलावा,उन्होंने ज्ञानेन्द्र की दो माह की गर्भवती पत्नी सुधा सिंह की भी पिटाई की,जिसके कारण उनका गर्भपात हो गया। सतना जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी इस बात की पुष्टि की है।ज्ञानेन्द्र ने जैतवारा थाना पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस ने मामले को हल्की धाराओं में दर्ज किया और एमएलसी रिपोर्ट भी नहीं लगाई। पीड़ित ने एसपी से मामले की दोबारा जांच करने और आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और गर्भपात जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## मां शारदा के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़
## यूपी से पैदल और दंडवत यात्रा कर रहे हैं श्रद्धालु

सतना।

प्रसिद्ध शक्तिपीठ मैहर,इन दिनों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मां शारदा देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल भी मैहर पहुंच रहे हैं,जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। इनमें से कई भक्त उत्तर प्रदेश के चित्रकूट,कर्वी और आसपास के अन्य इलाकों से पैदल ही अपनी यात्रा पर निकले हैं।उनकी यह यात्रा केवल दूरी तय करना नहीं है,बल्कि यह उनकी अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। सैकड़ों की संख्या में लोग छोटे-छोटे समूहों में पैदल चलकर मैहर की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें से कुछ श्रद्धालु 5-5 या 10-10 के जत्थों में सतना से होते हुए मैहर पहुंच रहे हैं। लेकिन जो बात सबसे ज्यादा ध्यान खींच रही है,वह है दंडवत परिक्रमा करते हुए जा रहे भक्तों की संख्या। ये भक्त



लेटकर,उठकर और फिर लेटकर अपनी परिक्रमा पूरी कर रहे हैं,जो उनकी घोर तपस्या और समर्पण को दर्शाता है। यह दंडवत यात्रा केवल शारीरिक चुनौती नहीं है,बल्कि यह मां शारदा के प्रति उनके गहरे प्रेम और भक्ति का प्रमाण है। मैहर में केवल पैदल चलने वाले ही नहीं,बल्कि विभिन्न वाहनों से आने वाले भक्तों की भी भारी भीड़ देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है,जिससे मैहर का मुख्य प्रवेश द्वार और आसपास के क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय माहौल में डूब गए हैं। गाड़ियों,बसों और अन्य निजी वाहनों की लंबी कतारें बताती हैं कि मां शारदा के प्रति भक्तों की आस्था कितनी गहरी है। नवरात्रि के अलावा भी,मैहर में साल भर भक्तों का तांता लगा रहता है,लेकिन इन दिनों श्रद्धालुओं की संख्या में हुई वृद्धि ने एक विशेष उत्साह भर दिया है।स्थानीय प्रशासन ने भी भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं,ताकि सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मां शारदा के दर्शन कर सकें। यह दृश्य बताता है कि भले ही समय बदल गया हो,लेकिन लोगों की आस्था और विश्वास आज भी उतना ही मजबूत है। मां शारदा के प्रति उनकी भक्ति ही उन्हें इतनी लंबी और कठिन यात्रा करने के लिए प्रेरित करती है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती का पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित



मैहर।

अग्रकुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की जयंती अग्रवाल समाज मैहर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति धूमधाम से मनाई गई।जिसके तहत इस वर्ष भी पांच दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल समाज समिति द्वारा आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम के प्रथम दिवस साहित्यिक कार्यक्रम जिसमें बच्चों, महिलाओं, पुरुषों के सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में वृहद आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विभिन्न बच्चों एवं महिलाओं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल और सामग्री के स्टाल लगाए गए। इस आयोजन में लगभग 45 स्टाल लगे हुए थे। अग्रवाल समाज के सभी लोगों ने इस आनंद मेले में शामिल होकर आनंद मेले का आनंद लिया। तृतीय दिवस के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया कार्यक्रम में देशभक्ति और देवभक्ति का अनूठा संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम में समाज के सभी बच्चे, पुरूष, महिलाएं बढ़-चढ़कर शामिल हुए और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। चतुर्थ दिवस का कार्यक्रम क्रीडा प्रतियोगिता के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें समाज के सभी वर्ग के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई थी जिसमे शामिल होकर सभी बच्चो ने पुरस्कार प्राप्त किया। साथ ही महिला मंडल द्वारा भी महिलाओं एवं छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई थी और बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया था।आखिरी दिवस के कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रातः 7 बजे से वृहद प्रभात फ़ेरी का आयोजन अग्रवाल जागरण मंच द्वारा किया गया था जो कि अग्रसेन चौक से प्रारंभ कर पूरे मैहर नगर का भ्रमण करते हुए सेठ मन्नूलाल अग्रवाल धर्मशाला में समाप्त की गई। इस आयोजन में समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समापन स्थल पर सभी को पुरस्कृत भी किया गया। इसी दिन सायं 5 बजे से माता महालक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन के साथ उनके 18 पुत्रों की सजीव झांकियां 11 रथो में शोभा यात्रा के साथ निकली गई जो की अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर पुरानी बस्ती,रंगलाल चौराहा,चौरसिया मोहल्ला,घंटाघर चौक,कटरा बाजार होते हुए स्व.सेठ मन्नू लाल अग्रवाल धर्मशाला सरस्वती विद्यालय में समाप्त हुई। इस शोभा यात्रा का जगह जगह अग्र बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल स्वर्गीय सेठ मन्नू लाल अग्रवाल धर्मशाला सरस्वती विद्यालय में ही विशाल देवी जागरण का आयोजन भी किया गया था,जिसमें अंगना पधारो महारानी गीत के गायक मनीष अग्रवाल ने गीतगाकर पूरे कार्यक्रम को भव्य भक्तिमय बना दिया। उक्त पांच दिवसीय कार्यक्रम में अग्रवाल समाज समिति के साथ-साथ अग्रवाल जागरण मंच,अग्रवाल नव युवक मंडल,अग्रवाल महिला मंडल,अग्रवाल महासभा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## विद्यार्थी परिषद के नव दिवसीय मैहर मेला सेवा अभियान का शुभारंभ

मैहर।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि विकासार्थ विद्यार्थी, सेवार्थ विद्यार्थी,मेडिविजन और जिज्ञासा आयाम द्वारा विगत चार वर्षों से मां शारदा देवी मंदिर परिसर में शारदेय नवरात्र के अवसर पर मैहर मेला सेवा अभियान का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी मैहर नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा मैहर मेला सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त तीर्थ क्षेत्र अभियान स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से भीड़ नियंत्रण,निःशुल्क पेयजल व्यवस्था तथा मेडिविजन और जिज्ञासा आयाम के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह मैहर मेला सेवा अभियान तीन दिवसीय से लेकर नौ दिवसीय के रूप में चलाया जा रहा है। इसमें सेवा कार्य करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को विकासार्थ विद्यार्थी और सेवार्थ विद्यार्थी के किसी एक सेवा कार्य को अपना विषय बनाकर उसकी तीन दिवस से नव दिवसीय सेवा अभियान के माध्यम से सेवा करेंगे। इस वर्ष इस सेवा अभियान का उद्घाटन महाकोशल प्रांत के सह संगठन मंत्री आशीष शर्मा,द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में सेवा कार्य प्रारंभ किया है।

## कलेक्टर और नगर निगम में 126 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं

सतना।

मंगलवार को कलेक्टर और नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले भर से 126 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,एडीएम विकास सिंह और डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा ने आवेदकों से आवेदनपत्र लेकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया।जनसंपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार,कलेक्टर,एडीएम और डिप्टी कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंचे कई आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शेष आवेदनों को त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

### नगर निगम में पहुंचे 28 आवेदक

इसी तरह, मुत्यारगंज स्थित विवेकानंद सभागार में नगर निगम की जनसुनवाई में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन और कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह ने 28 आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान किया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा के अनुसार, प्राप्त आवेदनों में स्थापना शाखा से संबंधित 1,योजना शाखा से संबंधित 2, स्वास्थ्य शाखा से संबंधित 2, निर्माण शाखा से संबंधित 7, पेयजल शाखा से संबंधित 4, अतिक्रमण शाखा से संबंधित 3, पीएम आवास शाखा से संबंधित 5 और विद्युत शाखा से संबंधित 1 आवेदन प्रस्तुत किया गया।

## दुर्घटना में हुई मौत पर विधायक ने दी सहायता राशि

**मैहर।**अजवाइन गांव के संतोष सोनी की दुर्घटना बिजली के तार गिर जाने से हो गई थी जिसकी सूचना मिलते ही विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा आनन फानन उसके इलाज की सुविधा व्यस्था करवाया किन्तु इलाज के दौरान संतोष सोनी की दुःखद मृत्यु हो गई। उसके निधन पर विधायक के द्वारा त्वरित पच्चीस हजार रुपए नगद आर्थिक मदद की गई साथ ही मैहर अपर कलेक्टर के द्वारा त्वरित पच्चीस हजार रुपए की आर्थिक मदद करवाया गया। चार लाख रुपए की प्रशासनिक मदद और उनके बालक को नौकरी का आश्वासन भी दिया गया। कार्यवाही के बाद मौके पर उपस्थित रहकर पोस्टमार्टम करवा कर शव को विधायक के द्वारा चलाई जा रही निजी शव वाहन के द्वारा उनके घर पहुंचवाया गया।

SRI
**श्री रावतपुरा सरकार संस्कृत उ.मा. विद्यालय श्रंगारवन चित्रकूट (म.प्र.)**

**शिक्षक की आवश्यकता है।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत इस विद्यालय में शिक्षक की आवश्यकता है।

| क्र. | विषय | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आधुनिक विषय अंग्रेजी | 01 पद |
| 2. | संस्कृत व्याकरण | 01 पद |
| 3. | संस्कृत साहित्य | 01 पद |
| 4. | संस्कृत दर्शन | 01 पद |

**शैक्षणिक योग्यता-राज्य सरकार/यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परम्परागत उपाधिधारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता।**

**मानदेय- रु.20,000/- प्रतिमाह**

नोट :- अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त के साथ-साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र, पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 10.10.2025 सायं 05:00 बजे तक प्रेषित / प्रस्तुत कर सकते है । विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

प्राचार्य
श्री रावतपुरा सरकार सं.उ.मा. श्रंगारवन चित्रकूट म.प्र.
मो. नंबर-8717883051, 7869801880 ईमेल-srisanskritmahavidyalavckt2025@gmail.com

## खबर संक्षेप

### पन्ना सीमेंट प्लांट में बड़ा हादसा मजदूर की मौत पैर फिसल जाने की वजह से हुआ हादसा



**पन्ना।** जिले में स्थापित सीमेंट प्लांट में आज एक हादसा सामने आया जिसमें एक 32 वर्षीय व्यक्ति गुरजीत सिंह पंजाबी की जान चली गई दरअसल मजदूरी का कार्य करते वक्त पैर फिसल गया और पैर फिसल जाने से वह जमीन पर गिर गया और जमीन में रखी मशीन से टकरा गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई मंगलवार की दोपहर 11:00 बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमरिया पुलिस मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन में जुटी है पंचनामा कार्यवाही उपरांत सब पोस्टमार्टम हेतु ले जाया गया मृतक का पोस्टमार्टम पन्ना जिला चिकित्सालय में किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक पन्ना ने कहा कि जांच की जाएगी दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी

### मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से गिरकर युवक घायल, पैर टूटा



**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज से पंडवन रोड पर ग्राम सिंगोरा के पास एक मोटरसाइकिल चालक गिरकर घायल हो गया घटना के विषय में प्राप्त जानकारी अनुसार रज्जू लाल पिता कामता प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष अपनी मोटर साइकिल क्रमांक UP96H5769 अमानगंज की ओर से अपनी ससुराल ग्राम सिरसी पटना जा रहे की तभी ग्राम सिंगोरा के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर घायल हो गया। घटना में उसका पैर टूट गया। घटना की जानकारी मौके पर उपस्थित रामनरेश पिता बिट्टू लाल विश्वकर्मा ने घटना की सूचना 112 पुलिस को दी। सूचना पर 112 पुलिस प्रधान आरक्षक जानकी कोंदर और चालक कैलाश दहायत तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल को अमानगंज अस्पताल पहुंचाया।

### पारधी समाज के एक परिवार ने दुर्गा के प्रतिमा रख पूजा को लेकर अपनी श्रृद्धा साबित की

पन्ना। शिक्षा से ही विकास हर क्षेत्र में आसान राह तय करने को लेकर मानी जाती है। ऐसी ही दास्ता जिले के गांधी ग्राम में जहां पारधी समाज के ही लोग निवास करते है जो अपनी समाज में पूजा-अर्चना को लेकर सायद ही संस्कारों के लिए जाने जाते है। धीरे-धीरे क्रमषः वर्तमान समय में इस समाज में भी षिक्षा के माध्यम से जहां अलग ही बदलाव नजर आने लगा। जहां मां दुर्गा के शक्ति पर्व को लेकर सभी गांवों, कस्बों, व नगर के मोहल्लो में मां की प्रतिमा रखकर युवा पूजा-अर्चना कर रहे है। इसी तरह गांधी ग्राम में भी पारधी समाज से जहां एक परिवार उदाहरण बना। जो मां की प्रतिमा रखकर स्वयं से जहां पूजा-अर्चना करने को लेकर देखे जा रहे है इस तरह से यह माना जा रहा है कहीं न कहीं समाज की मुख्य धारा में पारधी समाज (बहेलिया) जो जंगलों में रहकर जंगली जानवरों का षिकार करके अपना उदरपोषण करते थे आज बदलाव के हालात यह तय हो रहे है कि गांधी ग्राम में जहां पारधी व बहेलिया समाज के लोग ही रहते है इन्हीं में से एक परिवार जो षिक्षा के माध्यम से कहीं न कहीं आगे बढ़कर अपने परिवार का उदरपोषण तो करते ही है पर धार्मिक आस्था की ओर भी जहां मां की प्रतिमा रखकर पूजा-अर्चना आरती करते हुए देखे जा रहे है।

# षड्यंत्रपूर्वक तरीके से शाहनगर की नल जल सप्लाई की जा रही बाधित



**शाहनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने के लिए शाहनगर में तेंदूघाट की जल आपूर्ति रोक दी गई है क्योंकि आदर्श ग्राम पंचायत में कुछ हिस्सों में सड़को और नालियों का अभाव है जिससे नल जल योजना का पानी नगरवासियों द्वारा उपयोग करने के बाद नालियों के अभाव के कारण सड़को पर आ रहा था जिससे शाहनगर की गलियों में कीचड़ और गंदगी का अंबार लगा हुआ था जिसका निराकरण अनोखे अंदाज में अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है जिसके चलते जल विभाग को पानी की सप्लाई ठीक 15 दिनों गांधी जयंती तक रोकने का आदेश दिया गया है। जिससे नगर में स्वच्छता का भरपूर वातावरण तो बन गया लेकिन इसकी कीमत नगर की आधी आबादी को पानी के अभाव में चुकानी पड़ रही है चूंकि धरमपुरा ,ममता कालोनी एवम शिवनगर के निवासी पूरी तरह तेंदुघाट नल जल योजना पर निर्भर थे और हाल ही में सड़क नाली और साफ सफाई की लगातार मीडिया के माध्यम से मांग कर रहे थे जो जिले और तहसील के अधिकारी और कर्मचारी को रास नहीं आया जिस कारण उन्होंने जनता की मांगों की सुनवाई तो नहीं की बदले में पानी की सप्लाई जरुर बंद कर दी अपनी कमियों को छिपाने में जिले से लेकर तहसील के अधिकारी और कर्मचारी सब एकजुट होकर नगर की जनता को सबक सिखा रहे है और चुने हुए प्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं क्योंकि शाहनगर तहसील में लगभग 70 ग्राम पंचायत है जिनमे से अधिकांश पंचायतें जल विभाग से अनुबंध कर चुकी है लेकिन शाहनगर में जल आपूर्ति बाधित कर मेंटीनेंस का कार्य किया जा रहा है जल विभाग अपने हितों को साधने में लगा है तो वहीं पंचायत अपने हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है जिससे परेशानी केवल जनता को हो रही है पितृपक्ष जैसे समय पर जब पितरों को तर्पण पानी से दिया जाता है उस समय पानी की सप्लाई रोक दी गई जिससे जनता को दिक्कतो का सामना करना पड़ा नवरात्रि में माता की पूजा अर्चना के समय भी पानी की आपूर्ति न होने से जनता स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के समय में नहाने और साफ सुथरे कपड़ो के लिए मोहताज है लेकिन नगर पूरी तरह स्वच्छ है क्योंकि नालियों का पानी जो सड़कों में फैला रहता था वह अब सूख चुका है। जिससे संपूर्ण नगर स्वच्छ और सड़क साफ सुथरी नजर आने लगी जिससे नगर पूरी तरह साफ सफाई के मामले में आदर्श ग्राम बन चुका है। और स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को कुछ इस तरह शाहनगर में षड्यंत्रपूर्वक सफल बनाने में सभी अधिकारी और कर्मचारी सहयोग कर रहे हैं। और सैकड़ों लोगों को जल के अधिकार से वंचित किया जा रहा है।





## पन्ना जिले की पुलिस को मिली 2 ध्यान प्रशिक्षकों की सौगात

**पन्ना।** जिले की पुलिस को तनाव और अवसाद रहित बनाने तथा समाज में ध्यान के प्रति जागरूकता और नशे, जुआ आदि जैसे अवसाद से बचने हेतु जागरूक बनाने के लिए हार्टफुलनेस (ध्यान) प्रशिक्षक का प्रशिक्षण प्राप्त कर 2 पुलिस कर्मचारी प्रधान आरक्षक विनय सिंह पुलिस थाना देवेन्द्रनगर और आरक्षक प्रशान्त कुमार पाठक पुलिस थाना धरमपुर वापस लौटे हैं जिनका पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया तथा तथा हार्टफुलनेस संस्था द्वारा जारी प्रमाणपत्र शुभकामनाओं सहित कर्मचारियों को प्रदान किया गया तथा क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान और रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर द्वारा दोनों नए प्रशिक्षकों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। 2 फरवरी 2025 एक ऐतिहासिक दिन था जब मध्य प्रदेश पुलिस बल और हार्टफुलनेस ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसका मुख्य उद्देश्य पुलिस विभाग को तनाव रहित और अवसाद रहित बनाना है इस पहल के तहत पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को हार्टफुलनेस प्रशिक्षक बनाने का कार्य अप्रैल 2025 से ही शुरू हो गया था तथा हार्टफुलनेस प्रशिक्षक बनने हेतु प्रदेश की समस्त पुलिस इकाइयों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों को स्वैच्छिक नामांकन हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा निर्देशित किया गया था। हार्टफुलनेस संस्थान ने कान्हा शांतिवनम् हैदराबाद में 69 पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को हार्टफुलनेस (ध्यान) प्रशिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षित किया प्रशिक्षण के अंतिम चक्र की शुरुआत 10 सितंबर से 16 सितंबर 2015 तक रहा पश्चात प्रशिक्षण प्राप्त कर समस्त अधिकारी/कर्मचारी अपनी इकाई में वापस लौट आए और लौटने बाद जिलों, बटालियन और पुलिस मुख्यालय आदि समस्त इकाई प्रमुख ने बड़ी प्रसन्नता के साथ नए प्रशिक्षकों के इस पवित्र कार्य के लिए उत्साहवर्धन किया और कार्यालय में संस्था द्वारा जारी प्रमाणपत्र गुलदस्ता और शुभकामनाओं सहित प्रदान किया। हार्टफुलनेस प्रशिक्षक बनकर, ये अधिकारी खुद को नियंत्रित करने, तनाव प्रबंधन करने और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी सहानुभूतिपूर्वक प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस होते हैं। यह आंतरिक शक्ति एक अधिक प्रभावी, मानवीय और विश्वसनीय पुलिस बल में परिवर्तित होती है, जो समाज के लिए न्याय, निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और बिना किसी पूर्वाग्रह या आक्रामकता के कार्य करता है।





## गो वेनम स्टार्टअप के संस्थापक डॉ. ह्रदय शाह जूदेव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से की मुलाक़ात

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर प्रवास के दौरान स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए शक्तिनेत्रा लैब्स के संस्थापक और "गो वेनम" स्टार्टअप के आविष्कारक डॉ. ह्रदय शाह जूदेव ने बताया कि कृछत्तीसगढ़ के स्टार्टअप जगत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण पर, शक्तिनेत्रा लैब के संस्थापक डॉ. ह्रदय शाह जूदेव, जिन्होंने विश्व का पहला वेयरेबल एंटी-वेनम उपकरण "गो वेनम" विकसित किया है, ने मुख्यमंत्री निवास, रायपुर में माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय जी से आमने सामने निजी मुलाक़ात की। यह विस्तृत चर्चा 30 मिनट से अधिक समय तक चली। डॉ. जूदेव ने शक्तिनेत्रा लैब की अभिनव सोच और गो वेनम की जीवन-रक्षक क्षमता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह उपकरण विषैले डंक और सर्पदंश से प्रभावित समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। मुख्यमंत्री ने राज्य की औद्योगिक नीति के तहत हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अपने हाल ही के जापान दौरे के अनुभव साझा करते हुए वैश्विक अवसरों, उन्नत तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. जूदेव ने मुख्यमंत्री मा० विष्णु देव साय जी के प्रोत्साहन और नीति-आधारित सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार का समर्थन स्टार्टअप्स जैसे शक्तिनेत्रा लैब को राज्य के नवाचार-आधारित विकास में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। यह मुलाक़ात सरकार और स्टार्टअप जगत के बीच सहयोग को नई दिशा देती है, जिससे छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और औद्योगिक प्रगति का अग्रणी केंद्र बन सके।

## थाना सलेहा में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**सलेहा।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा के अवसर पर सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने की। इस मौके पर थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के सरपंच स्थानीय ग्रामीण बुद्धिजीवी नागरिकों सहित पत्रकार मौजूद रहे। बैठक में थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े पर्व पर प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे समय में समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त नजर रहेगी और असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।थाना प्रभारी ने शक्त निर्देश देते हुए कहा कि पूजा के अवसर पर डीजे और अश्लील गीतों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि इससे शांति व्यवस्था बिगड़ने की संभावना रहती है, इसलिए समितियों को सख्ती से इन निर्देशों का पालन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्गा पूजा क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक है। इसमें सभी समुदाय का सहयोग बराबर का होता है। मौके पर उपस्थित समाजसेवियों ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे हर स्तर पर पुलिस का सहयोग करेंगे और आपसी भाईचारा बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। थानाप्रभारी बलवीर सिंह ने सभी पूजा समितियों से अपील की कि वे प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान गश्ती व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। विशेषकर भीड़-भाड़ वाले दुर्गा पूजा पंडालों पर पुलिस बल द्वारा निगरानी की जाएगी किसी भी विवाद या समस्या की स्थिति मं् तत्काल थाना को सूचना देने की अपील की गई।

## कार्यक्रम में पहुंचे जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, स्वास्थ्य को लेकर करते रहे चर्चा

### विकलांग महिला घंटों फर्श पर पड़ी उपचार के लिए करती रही इंतजार



**पन्ना।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को लेकर पूरे देश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य पखवाड़ा चलाया जा रहा है, ताकि हर गरीब बेबस और लाचार एवं आम आदमी महिलाओं का समुचित उपचार हो सके मगर कुछ लापरवाह अधिकारी एवं कर्मचारियों के चलते यह अभियान पूरी तरह से फेल होता देखा जा रहा है। ताजा मामला अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा है, जहां सोमवार को सुबह 10:00 बजे से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर लगाया गया, जहां पन्ना जिले के डॉक्टर ने पहुंचकर लोगों की जांच की एवं सावधानी बरतने को लेकर समझाइए इस दौरान महिलाओं के लिए संचालित शिविर में आई महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जहां महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करने के लिए धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा, तो वहीं फर्श पर एक विकलांग महिला को कई घंटे तक अपने उपचार के लिए इंतजार करना पड़ा। डॉक्टर और मुख्य अतिथि मंच पर बैठे कार्यक्रम की तारीफ करते रहे तो वहीं दूसरी ओर महिला इलाज के लिए तड़पती रही। मामले की जानकारी जैसे ही नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर डॉक्टरों से बात कर महिला का उपचार करवाया। दरअसल महिला नोनी बाई पिता भोला साहू निवासी जैतपुर अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने आई थी। मगर विकलांग महिला का ना तो रजिस्ट्रेशन समय से हो पाया ना ही महिला को वैक्सीन लगाई गई, जिससे महिला परेशान रही।

## माँ ज्वाला दरबार अमानगंज से माता के 30 भक्तों का जत्था पैदल मैहर शारदा माता मंदिर के लिए रवाना



अमानगंज निप्र-- मां आदिशक्ति की उपासना और उनकी कृपा पाने माता भक्तों का एक दल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता ज्वाला के दरबार में उपस्थित होकर वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच माता की पूजा अर्चना और आरती करने के साथ ही शारदा माता मैहर के लिए पैदल रवाना हो गया पैदल निकलते ही उनके सभी सहयोगी ने उनको तिलक लगाते हुए माता भक्तों को बिदाई दी और यह पेदल यात्रा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सफल होने की कामना की। याद हो कि हर वर्ष यह पैदल यात्रा अमानगंज से मैहर के लिए रवाना हुआ करती है जिसमें लगातार भक्तों की संख्या बढ़ती है और आज तकरीबन 30 सदस्य इस यात्रा में शामिल हुए हैं। आदिशक्ति की कृपा इन भक्तों की ओर विशेष होती है, हर वर्ष कुछ ना कुछ सफलता भक्तों के खाते पहुंच जाती है और इनका निरंतर कल्याण माता रानी करती है। जिसके एक नहीं अनेक उदाहरण मानकर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में है क्योंकि पैदल यात्रा यहां से एक नहीं अनेक रवाना होती है, जो अलग-अलग तरीकों में माता के दर्शन कर उनसे मनचाहा वरदान पाकर वापस आती है।

# स्टेट बैंक शाखा देवेंद्र नगर में दर्जनभर चोरी की वारदातें

**बैंक सुरक्षा में भारी लापरवाही, बैंक के अंदर बैठा रहा कर नाबालिग कर रहे बैंक के अंदर से चोरी**





**देवेंद्रनगर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की देवेंद्रनगर शाखा बीते पाँच–छह वर्षों से लगातार चोरी और ठगी की घटनाओं का केंद्र बनी हुई है। अब तक कम से कम दर्जनभर वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन कोई ठोस सुराग नहीं जुटा सका। इस लापरवाही के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन बार-बार शिकार बन रहे हैं। ताज़ा मामला वार्ड नंबर 14 बमरी निवासी आशीष कुशवाहा का है।

इन्होंने देवेंद्रनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर 3:40 से 3:58 के बीच लेनदेन के लिए निकासी की गई ₹50,000 नगद राशि और पुराने नोट बदलने हेतु ₹80,000 – कुल ₹1,30,000 रुपये उनके बैग से चोरी हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सीसीटीवी फुटेज में एक बच्चा संदिग्ध गतिविधियों के साथ 'रैकी' करता हुआ दिख रहा है। प्रश्न यह उठता है कि ऐसे बच्चे बैंक में बिना किसी खाते या लेनदेन के उद्देश्य के क्यों प्रवेश करते हैं। बैंक प्रशासन द्वारा अब तक कोई ऐसा सिस्टम लागू नहीं किया गया है जो अनावश्यक रूप से बैंक परिसर में घूमने वालों को रोक सके। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते 5–6 सालों में बैंक के अंदर और बाहर – कभी नगद निकासी के दौरान, तो कभी साइकिल या सब्ज़ी लेने जैसी रोज़मर्रा की गतिविधियों के समय – लोगों को निशाना बनाकर अपराधियों ने लाखों रुपये उड़ा दिए। बावजूद इसके न पुलिस ने सुरक्षा रणनीति बनाई, न बैंक प्रशासन ने कड़े नियम लागू किए और न ही आमजन ने सतर्कता बरती। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक प्रबंधन को तुरंत गेट पर सख़्त निगरानी, केवल ग्राहकों को ही प्रवेश, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और पुलिस को तत्काल सूचना जैसी व्यवस्था करनी चाहिए। वहीं पुलिस को इन पुराने मामलों को गंभीरता से लेकर संगठित अपराधियों की पहचान करनी होगी, अन्यथा देवेंद्रनगर की यह शाखा लगातार अपराधियों का आसान निशाना बनी रहेगी।

## कमिश्नर ने की भू-अर्जन और मुआवजा वितरण कार्यवाही की समीक्षा



**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने आज भू-अर्जन और मुआवजा वितरण के संबंध में सागर संभाग के सभी कलेक्टरों के साथ ऑनलाइन समन्वय बैठक लेकर जिलेवार भू-अर्जन के प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे भू-अर्जन के प्रकरणों पर तेजी के साथ कार्यवाही करें और समय पर मुआवजा वितरित कर भू-अर्जन की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। संभागायुक्त द्वारा पन्ना जिले से संबंधित अजयगढ़ तहसील के 8 ग्रामों में मुआवजा वितरण, अजयगढ़ तहसील के ग्राम गड़रपुर में पूरक प्रस्ताव व 4 ग्रामों में अतिरिक्त भू-अर्जन कार्य सहित ग्राम सिन्हाई व बड़ी रूंझ में कार्य की बाधाओं तथा ग्राम सब्दुआ में आरओबी निर्माण में प्रभावित होने वाले मकानों के मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मां की डांट से आहत युवक फांसी पर झूला

**छतरपुर।** यह संस्कारों की कमी ही कही जाएगी कि एक मां की डांट से क्षुब्ध होकर 20 साल का युवक मौत को गले लगा लेता है। किसी बात को लेकर मां ने मातगुवां निवासी 20 वर्षीय युवक रामकिशोर को डांट दिया। युवक इतना आहत हुआ कि उसने खेत पर लगे महुए के पेड़ से फांसी लगा ली। मृतक के परिजन बबलेश राजपूत ने बताया कि रामकिशोर की मां ने उसे डांट दिया था शायद इसी वजह से उसने फांसी लगाई है। शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### जिला अस्पताल की पार्किंग से बाइक चोरी



**छतरपुर।** प्रिंस विश्वकर्मा पुत्र रामस्वरूप विश्वकर्मा निवासी सटई रोड श्रीराम कॉलोनी छतरपुर की बाइक जिला अस्पताल पार्किंग से चोरी हो गई। प्रिंस ने बताया कि उनकी बुआ की तबियत अचानक बिगडऩे पर वे 21 सितम्बर की सुबह कार से उन्हें अस्पताल लेकर गए थे। इसके बाद वह घर से दोबारा अपनी हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी16 एमएस 0978) लेकर अस्पताल पहुंचे और उसे पार्किंग में खड़ा कर दिया। करीब सुबह सवा 11 बजे जब वे बाहर आए तो मोटरसाइकिल गायब मिली। घटना के बाद प्रिंस ने बताया कि वे 5 से 6 बार कोतवाली के चक्कर काटते रहे, तब जाकर आखिरकार पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

### ट्रक की टक्कर से चालक-परिचालक की दर्दनाक मौत



**महाराजपुर।** रविवार तड़के लगभग 4 बजे सागर से सब्जी लादकर कबरई (उत्तरप्रदेश) जा रहा आयशर ट्रक भीषण हादसे का शिकार हो गया। बताया गया कि गांव के पास तालाब किनारे स्थित बिहारी जू मंदिर के समीप आगे चल रहा एक ट्रक आवारा पशुओं को बचाते हुए धीमी गति से चल रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रक (यूपी 78 एफएन 8550) ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे का ट्रक सड़क किनारे पलट गया और उसमें लदी टमाटर, बैंगन, गोभी की क्रेटें सड़क पर बिखर गईं। हादसे में करीब 50 से 60 प्रतिशत सब्जी खराब हो गई, जिससे व्यापारी को लाखों का नुकसान पहुंचा। व्यापारी ने मौके पर पिकअप मंगवाकर शेष सब्जी भरवाकर ले जाई।इस भीषण टक्कर में ट्रक की केबिन पूरी तरह चिपक गई, जिसके चलते चालक राजेन्द्र श्रीवास (राजीव नगर, कबरई) व क्लीनर राजेन्द्र कुशवाहा (निवासी बिगाहना, मुस्करा के पास, उ.प्र.) की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह लगभग 6 बजे वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक ने हादसा देखकर ग्रामीणों के माध्यम से गढ़ीमलहरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन केबिन में फंसे शवों को निकालना संभव नहीं था। इसके बाद जेसीबी मशीन बुलाकर केबिन को काटकर शवों को बाहर निकाला गया। शवों का पोस्टमार्टम महाराजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### अचानक लापता हुई छात्रा, पुलिस ने सिहोरा से किया दस्तयाब

**कटनी।** घर से स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा अचानक लापता हो गई। परिजनों ने उमरियापान थाना पहुंचकर इसकी जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तलाश शुरू की और 48 घंटे के छात्रा को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। उमरिया पान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि 19 सितंबर को फरियादी ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षिय पुत्री घर से स्कूल के लिये निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं आयी। रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

नकली खाद बनाने वाले आदित्य पाठक के विरूद्ध हुई एफआईआर

# द्वारिका वेयर हाउस में चल रहा था नकली खाद बनाने का गोरखधंधा

### 57 बोरी नकली डीएपी एवं 57 बोरी कच्चा माल, एक हजार खाली बोरी जप्त



**छतरपुर।** रबी फसल का मौसम आते ही जिले में नकली खाद बनाने और काला बाजारी करने का सिलसिला तेजी से चल रहा है। लेकिन कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने नकली खाद बनाने और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। लगातार तीन दिनों से हो रही कार्यवाही को देखते हुये यह स्पष्ट है कि छतरपुर जिला नकली खाद बनाने का गढ़ बन चुका है। सोमवार की शाम को एसडीएम अखिल राठौर, कृषिउपसंचालक डॉ. रवीश कुमार सिंह और थाना ओरछा रोड पुलिस ने खौंप के द्वारिका वेयर हाउस में छापामार कार्यवाही की, तो वहां खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर वेयर हाउस के अंदर नकली खाद बनाने का कारोबार चल रहा था। एसडीएम ने मौके से 57 बोरी नकली डीएपी और 57 बोरी कच्चा माल तथा एक हजार खाली बोरियां जो विभिन्न कंपनियों के नाम की छपी हुईं थी, जप्त की गई और मौके से बोरी पैकिंग की मशीन भी पाई गई जिसे जप्त किया गया है। खाद व कच्चा माल मण्डी के डबल लॉक में रखवा दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि वेयर हाउस को सील कर दिया गया और वेयर हाउस संचालक आदित्य पिता रामनारायण पाठक के विरूद्ध थाना ओरछा रोड में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पूरे मामले की जांच कृषि विभाग के अधिकारी कर रहे हैं।

### नकली खाद से भरी पिकअप पकडी

थाना ओरछा रोड के अंतर्गत ही रात को ढिलापुर मार्ग पर एक पिकअप क्र. यूपी 95 एटी 3990 को पकडा गया, जिसमें नकली खाद भरी हुई थी। इस मामले में ड्राइवर से पूंछतांछ की गई लेकिन ड्राइवर ने पूंछतांछ के दौरान सही जानकारी नहीं बताई वह पुलिस को पूंछतांछ के दौरान गुमराह करता रहा। बाद में कृषि विस्तार अधिकारी शारदा प्रसाद कारपेंटर की रिपोर्ट पर थाना ओरछा रोड में सचिन सिंह सेंगर पिता राजेन्द्र सिंह सेंगर, विक्रम सिंह सेंगर पिता देवसिंह सेंगर निवासी गौर थाना गढीमलहरा के विरूद्ध मामला धारा- 3 एवं 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज किया गया और पिकअप जप्त की गई पिकअप में 58 बोरी डीएपी भरी हुई थी।




### चन्द्रपुरा में पकडी नकली खाद, मकान सील

सिटी कोतवाली के अंतर्गत फोरलाइन के नजदीक औद्योगिक एरिया चंद्रपुरा में मंगलवार की दोपहर को छापामार कार्यवाही कर एसडीएम अखिल राठौर और कृषि उपसंचालक डॉ. रवीश सिंह, एसडीओ अनिल मिश्रा ने एक मकान में नकली खाद की सैकड़ों बोरियां पकड़ी हैं और इस मकान को सील कर दिया गया है। यह मकान औद्योगिक एरिया चन्द्रपुरा में प्लाट नं. 117 धीरज कुमार तिवारी के बगल में स्थित है यहां पर पहले सीमेंट के ब्लॉक बनाने का काम होता था। कमरे में जो सैकड़ों बोरी पाई गई हैं वह नकली थी और कुछ खाली बोरियां भी पाई गई हैं। एसडीएम के अनुसार संदेह के आधार पर एक लडके को रोका गया है। अभी जांच के दौरान पता चला है कि खड्डी थाना गौरिहार निवासी हिमांशू शुक्ला सील किये गये मकान में नकली खाद बनाने का कारोबार कर रहा था। एसडीएम ने बताया कि धारा-420 का मामला दर्ज कराया जा रहा है और भवन किसका है उसका भी पता किया जा रहा है। मकान मालिक के विरूद्ध भी कार्यवाही होगी।

# इमलिया में शीघ्र होगा स्वर्ण खनन कार्य कलेक्टर एवं कंपनी के बीच लीज एग्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**कटनी जिले ने खनन क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। जिले के स्लीमनाबाद के इमलिया गोल्ड ब्लॉक की माइनिंग से जल्दी ही स्वर्ण खनन का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए सोमवार 22 सितंबर को पवित्र शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन कलेक्टर श्री आशीष तिवारी और मुंबई की खनि पट्टा धारक कंपनी प्रोस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नरीमन प्वांइट मुंबई के कंपनी डायरेक्टर अविनाश लांडगे के बीच गोल्ड ब्लॉक की माइनिंग लीज का एग्रीमेंट हुआ। इसके साथ ही मध्यप्रदेश का कटनी जिला अब सीधे वैश्विक स्वर्ण खनन मानचित्र पर प्रतिष्ठित हो गया है।**

कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से नीलामी में मुंबई की प्रास्पेक्ट रिसोर्स मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 50 वर्ष की अवधि के लिए स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम इमलिया में 6.510 हेक्टेयर क्षेत्र का खनि पट्टा प्रदान किया गया है।

### 14 लाख टन मिनरल ओर

उपसंचालक माइनिंग रत्नेश दीक्षित ने बताया कि कटनी जिले में नये खनिज स्त्रोतों के रूप में स्वर्ण (सोना) की खदान में सोने के साथ-साथ बेसमेटल, चांदी, जिंक, लेड (सीसा) और कॉपर भी निकलेगा। जल्दी ही कंपनी इमलिया से सोना निकालने के लिये यहां अपना पूरा मशीनरी सिस्टम स्टाल कर लेगी। भूगर्भशास्त्रियों के प्राथमिक अन्वेषण रिपोर्ट में इमलिया गोल्ड माइन में करीब 14 लाख टन मिनरल ओर मिलना संभावित है। जिससे अलग-अलग ग्रेड और मात्रा में सांद्रण उपरांत धातु निष्कर्षण होगा। स्लीमनाबाद के इमलिया गोल्ड माइंस से उत्खनन कार्य शुरू होने के बाद यहां स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही जिले में क्षेत्रीय स्तर पर अतिरिक्त राजस्व आय की प्राप्ति होगी। इससे जिले और समूचे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। पूरे देश में अभी तक केवल कर्नाटक से ही गोल्ड की माइनिंग हो रही थी। लेकिन अब मध्यप्रदेश में भी सोने का खनन शुरू होगा। कटनी खनिज संपदा से समृद्ध जिला है। यहां चूना, बाक्साइट, लाइमस्टोन व क्रिटिकल मिनरल्स बहुतायत में उपलब्ध है।

# कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में आंगनबाड़ियों और स्कूलों का एसडीएम सहित अधिकारी कर रहे निरीक्षण

### ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत आंगनबाड़ी में हो रहा टीकाकरण

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने एसडीएम सहित, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आंगनबाडियों और स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। साथ ही सभी के लिए निरीक्षण का रोस्टर जारी किया गया था। जिसके के पालन में मंगलवार को एसडीएम सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रहे ग्राम स्वास्थ्य पोषण अभियान के तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों के हो रहे टीकाकरण का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही बच्चों की उपस्थिति, बीएचएनडी के तहत टीकाकरण, दवाइयां, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को मिलने वाले पोषण आहार आदि चेक किया जा रहा है।



मंगलवार को एसडीएम गौरिहार बलवीर रमन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र चौहानी का निरीक्षण किया गया। साथ ही एसडीएम बड़ामलहरा आयुष जैन द्वारा गरखुवाँ आंगनवाड़ी निरीक्षण किया गया। साथ ही तहसीलदार द्वारा तहसील बडामलहरा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शिवपुरी कंचनपुरी के टीकाकरण का जांच किया गया। तहसीलदार बक्सवाहा ने बूढ़ी श्यामार आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इमलिया में आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण मुख्य नगर पालिका अधिकारी गढ़ीमलहरा के द्वारा किया गया और टीकाकरण कार्य प्रारम्भ किया गया। रोजगार अधिकारी द्वारा करतौल, बड़ागांव केंद्र का निरीक्षण किया गया। ग्राम दिलनिया में पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार अधिकारियों के निरीक्षण का क्रम जारी है।

**कलेक्टर ने अप्रारंभ कार्यों को पीआईयू से हटाकर दूसरी एजेंसी को सौंपने के दिए निर्देश**

# स्वास्थ्य एवं स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े निर्माण कार्यों में प्रगति बढ़ाएं: कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर पाथ जैसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, म.प्र. भवन विकास निगम, एनएचएआई, एनएच पीडब्ल्यूडी, म.प्र. सड़क विकास निगम, जल संसाधन, सेतु निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य के निर्माणरत कार्यों एवं नवीन कार्यों की समीक्षा की गई।



कलेक्टर ने सभी निर्माण एजेंसियों की समयसीमा निर्धारित करते हुई स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में प्रगति बढ़ाएं। नहीं तो संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने पीआईयू द्वारा कार्यों में देरी करने और कम प्रोग्रेस होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्वास्थ्य एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों में देरी होने एवं नए स्वीकृत कार्य मऊ, बछरावनी एवं पड़रिया हाई स्कूल एवं सांदनी के शासकीय मिडिल स्कूल के निर्माण कार्य शुरू नहीं करने एवं कुछ कार्य में न्यूनतम प्रगति होने पर संबंधित एसडीओ पीआईयू को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के पीआईयू को सौंपे गए लगभग 6 कार्यों को हटाकर अन्य एजेंसी को नियुक्त कर सौंपने के निर्देश दिए। कलेक्टर मेडिकल कॉलेज, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय आदि के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में देरी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ करें।

इसके अलावा पीडब्ल्यूडी के सीसी रोड संबंधित कार्यों में देरी करने वाली ओम साईं राम कंट्रक्शन एवं विनोद ट्रेडर्स को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने म.प्र. सड़क विकास निगम के पूर्ण कार्यों का तहसीलदारों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

सेतु निर्माण एसडीओ को बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर ने एनएचआई के सागर कबरई प्रोजेक्ट सहित अन्य प्रोजेक्ट में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में बिना जानकारी के अनुपस्थित रहने पर सेतु निर्माण के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# तहसील स्तर पर जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला प्रशासन का नवाचार



### महाराजपुर में जिला स्तरीय जनसुनवाई शिविर आयोजित

**महाराजपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा आमजन की मूलभूत समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए तहसील स्तर पर जनसुनवाई का नवाचार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार 23 सितंबर 2025 को महाराजपुर के शासकीय नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल के हॉल में जिला स्तरीय जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक हुआ, जिसमें कलेक्टर पार्थ जैसवाल सहित जिले एवं विकासखंड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से सर्वाधिक आवेदन राजस्व (34), नगरपालिका (30) और विद्युत विभाग (15) से संबंधित रहे। इसके अलावा शिक्षा विभाग के 5, महिला एवं बाल विकास विभाग के 3, सहकारिता विभाग के 2, जनपद पंचायत के 2, स्वास्थ्य, वन और बैंक विभाग से एक-एक आवेदन प्राप्त हुआ। हालांकि शिविर के दौरान किसी भी आवेदन का मौके पर समाधान नहीं किया जा सका, केवल पंजीयन कर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### प्रचार-प्रसार की कमी से नहीं पहुंच पाए लोग

जनसुनवाई शिविर की जानकारी समय पर ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सकी। स्थानीय नगरपालिका, नगर परिषद और तहसील प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार न करने तथा गांवों में मुनादी न कराने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों किसान अपनी समस्याएं लेकर नहीं पहुंच पाए। कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें जनसुनवाई की जानकारी देर से मिली और जब वे केंद्र पहुंचे तो जनसुनवाई समाप्त हो चुकी थी और अधिकारी स्थल से जा चुके थे। इससे लोग मायूस होकर लौटे।

### आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

जनसुनवाई के बाद कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बररोही और टटम के आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्य की समीक्षा कर सत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

# सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ की लीला देख श्रोता हुए भावविभोर

**सीता स्वयंवर के मनमोहन मंचन में धनुष टूटते ही सैकड़ो लोगो ने लगाये जय श्रीराम के नारे**

**छतरपुर।** श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति के 75 में वर्षगांठ के उपलक्ष में रामलीला द्वारा अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें रामचरितमानस भवन प्रांगण में सात दिवसीय श्री राम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा पंडित राजीव लोचन दास जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा सुनाई गई। वही 25 सितंबर से पंडित श्री राघवेंद्र दास जी महराज के मुखारविंद से सुनेंगे श्रीराम कथा जो 3 अक्टूबर तक चलेगी । वही संध्याकाल में रामलीला समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है जिसमें छठवें दिन की लीला मे रामलीला समिति ने सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ की लीला का सजीव मंचन किया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। राम चरित मानस प्रांगण में हो रही रामलीला में धनुष यज्ञ का भव्य मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। जिसके बाद वहां पर जय श्री राम के नारे लगाए गए। लेकिन, रामचंद्र जी का राजा न बन पाना, मंथरा के नाटक से राम सीता लक्ष्मण को दशरथ द्वारा वनवास भेजने के मंचन से दर्शकों में मायूसी छा गई। रामलीला में धनुष भंग का मंचन हुआ। जिसमें राजा जनक जी ने प्रतिज्ञा ली थी कि जो वीर शिव धनुष को उठा देगा उसी के साथ मैं अपनी पुत्री सीता का विवाह कर दूंगा। जिसे सुनकर देश देश के राजा महाराजा एकत्रित हुए हैं। प्रण सुनकर महा अभिमानी रावण भी सभा में पहुंचता है। उसकी दुर्नीति को रोकने के लिए बाणासुर भी पहुंचते है।

### जनक की बात सुन लक्ष्मण हुए क्रोधित

रावण और बाणासुर के बीच में घमासान वाक युद्ध होता है। इसके बाद दोनों चले जाते हैं। सभा में उपस्थित सभी राजा अपने अपने बल का प्रयोग कर के धनुष उठाने का प्रयास करते है। जब किसी राजा से धनुष नहीं उठता है तो सभी राजा मिलके धनुष उठाने का प्रयास करते हैं। उसके बाद भी धनुष नहीं उठा जिसे देख राजा जनक काफी दुखी हुए। सभा मध्य उठ कर बोले आसरा छोड़ प्रस्थान करो, दुख हमे दिया है दाता ने सीता सुकुमारी का विवाह लिखा ही नहीं विधाता ने यह शब्द सुनते ही लक्ष्मण क्रोध से लाल हो उठे। जनक जी बोले क्षत्रीय वीरों के होते ऐसा भी कोई कहता है मिथिला धिराज का यह भाषण क्षत्रीय वीरों को खलता है विश्वामित्र के आदेश पे राम धनुष को तोड़ते है तोड़ते ही परशुराम क्रोध से लाल हो जाते है और जनक जी के दरबार में आते ही राजाओं में खलबली मच जाती है फिर पुनः क्रोध से शांत होते ही राम और सीता का विवाह होता है। अयोध्या पहुंचने के बाद रामचंद्र जी को राजा बनाने की तैयारी होती है लेकिन मंथरा के द्वारा तैयार किए गए चक्रव्यूह से राम, लक्ष्मण, सीता को जाना पड़ा बनवास के मंचन से दर्शकों में मायूसी छा गई।

### इन कलाकारों ने किया अभिनय

राम का अभिनय अनमोल दीक्षित, लक्ष्मणका अभिनय शुभम, सीता का अभिनय, बाड़ासुर रज्जू शर्मा, रावण का अभिनय गणेश साहू , जनक का अभिनय संजीव ताम्रकार, मंत्री मोहन कुशवाहा, सुमति,बिमति रामसिंह राय , दुलीचंद गुप्ता, परशुराम का अभिनय सौरभ तिवारी के किया।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 6.45 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 12 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 6.45 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही पुष्पेंद्र नाथ पाठक पिता कैलाश नाथ निवासी जवाहर रोड वार्ड नं. 12 नौगांव, आकांक्षा सिंह पिता विश्राम सिंह ग्राम चौबारा नौगांव को एक-एक लाख रुपए, प्रज्ञा देवी निगम पति नीरज कुमार निगम ग्राम निधौली, ध्रुव पिपरैया पिता अखिलेश पिपरैया नि. नरसिंहगढ़पुरवा छतरपुर को 75-75 हजार रूपए, दुर्जन अहिरवार पिता पुनुआ अहिरवार नि. ग्राम गलान नौगांव, दीपक दुबे पिता हरस्वरूप दुबे वार्ड नं. 32 छतरपुर, जतिन राय पिता मनमोहन राय अलीपुरा को 50-50 हजार रुपए, रमेश कुमार पिता बाबूलाल नि. बमारी, हरिमोहन पाठक पिता मुन्नालाल पाठक नि. वार्ड नं 3 नौगांव, हरी कृष्ण बाल्मिक पिता बारेलाल वार्ड नं. 4 अलीगंज, राम सिंह पिता रावजू राजा निवासी वार्ड नं. 6 ग्राम मातगुवां जिला छतरपुर को 20-20 हजार रुपए एवं देशराज पाठक पिता शारदा प्रसाद पाठक नि. वार्ड 01 बडामलहरा जिला छतरपुर को 65 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**खबर संक्षेप**

## मुआवजा राशि प्रदान करने सहित अन्य आवेदनों की हुई जनसुनवाई



**रीवा ।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 77 आवेदकों ने अपने आवेदन दिये। संयुक्त कलेक्टर एस.के. बेक, राजेश सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर सुधाकर सिंह ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में बुद्धिमान सिंह ग्राम बहेरिया एवं अच्छेलाल पटेल जोडौरी ने अतिवर्षा से क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा देने का आवेदन दिया जिस पर संबंधित तहसीलदार को परीक्षण कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार अवधलाल कोल बौसड़वा निवासी, रामपति पटेल उमरी निवासी, रामबहोर साकेत गुढ़ रमेश कुमार सोनी निवासी अनंतपुर तथा दमयंती सिंह बड़ागांव निवासी के अवैध कब्जे को हटाने के आवेदन संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही के लिये प्रेषित किये गये। टीकर की सीमा केवट के खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़ने के आवेदन पर नायब तहसीलदार रीवा, भोलगढ़ के किरण गौतम के शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के आवेदन पर एसडीएम हुजूर तथा उपरहटी के सुमीता गुप्ता के बिजली संबंधी शिकायत पर विद्युत मंडल को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। चन्द्रेश कुमार द्विवेदी के ह्मदय रोग उपचार के लिये आवेदन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तथा इटहा निवासी दिव्यांग ज्ञानेन्द्र के विकलांग बैट्री साइकिल प्रदाय किये जाने के आवेदन को सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया।

## जघन्य हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास



**रीवा।** जिले के थाना गोविन्दगढ़ क्षेत्र में घटित एक सनसनीखेज हत्या के मामले में जिला सत्र न्यायालय ने अहम फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2022 में दर्ज अपराध क्रमांक 305/22 के तहत भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत चिन्हित किया गया था। मामले की गहराई से विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा की गई थी, जिसकी भूमिका इस मामले के सफल अभियोजन में निर्णायक रही। पुलिस के अनुसार, यह मामला एक योजनाबद्ध और अत्यंत क्रूर हत्या से जुड़ा था, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। अष्टम अपर सत्र न्यायालय, रीवा ने इस मामले में अभियुक्त विवेक नामदेव एवं रवि तिवारी को दोषी करार देते हुए सजाएँ सुनाईं, जिसमे भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302/34 के तहत आजीवन सश्रम कारावास और 5,000/- का जुर्माना। वही धारा 201 (साक्ष्य छुपाने का प्रयास) के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास और 1,000/- का जुर्माना, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-बी)(बी) के तहत 3 वर्ष का कारावास और 1,000/- का जुर्माना। वही धारा 302/34 के तहत आजीवन सश्रम कारावास और 5,000/- का जुर्माना।धारा 201 के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास और 1,000/- का जुर्माना। इस जघन्य अपराध का खुलासा कर आरोपियों को कठोर दंड दिलाने में थाना गोविन्दगढ़ की पुलिस टीम विशेष रूप से तत्कालीन थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल की भूमिका को न्यायालय ने भी सराहा।

### चाकघाट नगर परिषद में सियासी भूचाल, अध्यक्ष के खिलाफ 12 पार्षदों ने खोला मोर्चा

# अविश्वास प्रस्ताव के साथ कलेक्टर पहुंचे, कार्रवाई की उठाई मांग

रीवा जिले के चाकघाट नगर परिषद में सत्ता पक्ष भाजपा के भीतर गहराता असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। परिषद अध्यक्ष विभव जायसवाल के खिलाफ 12 पार्षदों ने मोर्चा खोलते हुए अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया है।

रीवा।




सोमवार को नाराज़ पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष के तानाशाहीपूर्ण रवैये के चलते न केवल नगर के विकास कार्य ठप पड़े हैं, बल्कि उन्हें अपमानजनक व्यवहार का भी सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि 15 सदस्यीय नगर परिषद में से 12 पार्षद अध्यक्ष के कामकाज से असंतुष्ट हैं और उनकी कार्यशैली को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत मानते हैं। तीन पीआईसी सदस्य भी इस विरोध में शामिल हैं, जिससे अध्यक्ष की स्थिति और भी कमजोर मानी जा रही है, पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष के कारण नगर में स्वीकृत विकास कार्य या तो शुरू नहीं हो पा रहे हैं या जानबूझकर रोके जा रहे हैं। जब जनप्रतिनिधि जनता की समस्याएं लेकर अध्यक्ष के पास पहुंचते हैं, तो वह अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं और पार्षदों की बातों को नजरअंदाज करते हैं,कई पार्षदों ने यहां तक कहा है कि परिषद अध्यक्ष की कार्यशैली लोकतंत्र के खिलाफ है और वह पूरी परिषद को एकतरफा ढंग से चला रहे हैं। ऐसी स्थिति में वह उनके साथ काम नहीं कर सकते। बॉक्स भाजपा कार्यालय पहुंचे नाराज़ पार्षद अविश्वास प्रस्ताव कलेक्टर को सौंपने के बाद सभी पार्षद भाजपा के जिला कार्यालय भी पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और अपनी स्थिति स्पष्ट की। पार्षदों ने कहा कि उनका विरोध पार्टी से नहीं, बल्कि अध्यक्ष के रवैये से है। यदि पार्टी अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती, तो वे सामूहिक इस्तीफे के लिए बाध्य होंगे।बॉक्स राजनीतिक गर्मी के पीछे क्षेत्रीय गुटबाज़ी भी जिम्मेदार चाकघाट नगर परिषद में उपजे इस विवाद को स्थानीय राजनीतिक गुटबाज़ी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में नगर में हुए एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला और भाजपा जिला अध्यक्ष की तस्वीरें पोस्टर-बैनरों से नदारद थीं। साथ ही, कार्यक्रम में शुक्ल की गैरमौजूदगी को त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी और उनके बीच राजनीतिक दूरी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, पार्षदों ने इन अटकलों को नकारते हुए स्पष्ट किया है कि उनका विरोध केवल नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ है औसूत्रों के अनुसार, सभी 12 पार्षदों ने अपना इस्तीफा पहले ही तैयार कर लिया है और कलेक्टर को सौंपने की चेतावनी भी दे दी है, यदि समय पर निर्णय नहीं लिया गया।बॉक्समऊगंज और सिरमौर में भी उभर चुका है ऐसा ही विरोधचाकघाट में सामने आए इस घटनाक्रम को रीवा जिले के अन्य क्षेत्रों में हाल ही में हुए राजनीतिक विरोध से जोड़कर भी देखा जा रहा है। कुछ सप्ताह पहले मऊगंज की नईगढ़ी नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। वहीं, सिरमौर में भी पार्षदों और अध्यक्ष के बीच मतभेद की खबरें सामने आ चुकी हैं। यह घटनाएं संकेत दे रही हैं कि जिले में स्थानीय स्तर पर भाजपा के भीतर संगठनात्मक समन्वय की कमी गहराती जा रही है।

## माइक्रोफाइनेंस कंपनी में 2.47 लाख की जालसाजी

### दो कर्मचारी रकम लेकर फरार, लोन धारकों से वसूली कर अपने खाते में जमा करते रहे किस्तें, ऑडिट में खुला फर्जीवाड़ा

**रीवा।** जिले के मनगवां में संचालित मित्रता इंक्लूसिव फाइनेंस सर्विसेस लिमिटेड की शाखा में दो कर्मचारियों द्वारा की गई आर्थिक जालसाजी का मामला सामने आया है। इन कर्मचारियों ने लोनधारकों से मासिक किश्तें तो वसूलीं, लेकिन यह राशि कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय अपने निजी खातों में डाल दी और बाद में फरार हो गए। कंपनी को जब इसकी भनक लगी तो आंतरिक ऑडिट कराई गई, जिसमें पूरा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। कंपनी की शिकायत पर मनगवां थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल विश्वकर्मा और फील्ड ऑफिसर दीपक वर्मन के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, दोनों आरोपियों ने मार्च 2024 से अप्रैल 2025 के बीच यह फर्जीवाड़ा अंजाम दिया। राहुल विश्वकर्मा ने करीब 1.50 लाख रुपये और दीपक वर्मन ने 96,818 रुपये लोनधारकों से वसूल किए थे, जिसे उन्होंने कंपनी खाते में जमा नहीं किया।बॉक्स कंपनी ने ऑडिट कराई, सामने आया पूरा घोटालालंबे समय तक किश्तें जमा न होने के बावजूद जब लोनधारकों को बकाया नोटिस भेजे जाने लगे, तब मामला सामने आया। फाइनेंस कंपनी ने जब पूरे मामले की जांच करवाई, तो पाया गया कि ग्राहकों से वसूली गई कुल 2.47 लाख रुपये की राशि कंपनी खाते में जमा नहीं हुई है। इसकी शिकायत कंपनी के मैनेजर अरविंद कुशवाहा ने मनगवां थाने में दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।बॉक्स लोनधारकों की बढ़ सकती हैं परेशानियां इस घटना का सबसे बड़ा असर उन ईमानदार लोनधारकों पर पड़ सकता है, जिन्होंने समय पर अपनी किश्तें संबंधित कर्मचारियों को दी थीं। राशि कंपनी में जमा न होने के कारण अब उनके ऊपर बकाया ब्याज और पेनल्टी लगने की आशंका है। इससे उनकी क्रेडिट हिस्ट्री भी प्रभावित हो सकती है और भविष्य में लोन लेना मुश्किल हो सकता है।बॉक्सअन्य फर्जीवाड़ों की भी हो रही जांचकंपनी द्वारा कराए जा रहे विस्तृत ऑडिट में आशंका जताई जा रही है कि यह जालसाजी सिर्फ एक बार की नहीं, बल्कि संगठित तरीके से लंबे समय से चल रही हो सकती है। इस संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस और कंपनी, दोनों स्तरों पर जांच तेज कर दी गई है।

## रीवा-मऊगंज में रेत और गिट्टी की सप्लाई के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला मास्टर माइंड गिरफ्तार

### बैकुंठपुर पुलिस ने कार्यवाही, दर्जनों ग्रामीणों को बनाया था शिकार

रीवा।

कम दाम में रेत और गिट्टी की सप्लाई का झांसा देकर रीवा और मऊगंज जिले के दर्जनों व्यापारियों और ग्रामीणों से लाखों रुपये की ठगी करने वाला शातिर आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी शुभम सिंह उर्फ लल्ली (उम्र 19 वर्ष), निवासी पल्हान थाना बैकुंठपुर, लंबे समय से इस धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। बैकुंठपुर पुलिस ने कई महीनों की मशक्कत के बाद उसे गिरफ्तार किया है। बता दे आरोपी शुभम सिंह लोगों को कम कीमत में रेत और गिट्टी दिलवाने का झांसा देकर उनसे एडवांस पेमेंट लेता था और फिर फरार हो जाता था। पुलिस जांच में सामने आया कि शुभम ने रीवा, मऊगंज और आसपास के क्षेत्रों में कई लोगों से इस तरह लाखों रुपये ऐंठ लिए थे, 6 जनवरी 2024 को शुभम ने आनंद गौतम निवासी पाली से संसारपुर में गिट्टी सप्लाई के नाम पर 26,000 रुपए लिए, लेकिन सामग्री नहीं पहुंचाई और भाग गया। वही 13 मार्च 2024 को रामानंद पटेल निवासी रतहरा से रेत की सप्लाई के नाम पर 50,000 रुपए की ठगी की। व 31 मार्च 2024 को शेष सिंह बघेल उर्फ संग्राम सिंह निवासी तेंदून से बालू के नाम पर 46,000 रुपए ऐंठ लिए और फिर गायब हो गया। इन सभी मामलों में बैकुंठपुर थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादंवि के तहत केस दर्ज किए गए थे। इसके अलावा थाना सेमरिया में भी आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज है। काफी समय से फरार चल रहे इस आरोपी की सूचना मुखबिर से मिलते ही बैकुंठपुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दे उक्त आरोपी की कई थानों की पुलिस तलाश कर रही थी। आरोपी के खिलाफ बैकुंठपुर, सेमरिया, सगरा, चोरहटा, रामपुर बघेलान सहित कई थानों में मामले दर्ज है। वही आधा सैकड़ा से अधिक लोग उसके शिकार बने हैं जिनमें सुनील सिंह का मामला सेमरिया थाना, त्रियुगी नारायण शुक्ला का रामपुर बघेलान थाना, दीपू तिवारी व कुलदीप सिंह का चोरहटा थाना में पंजीबद्ध है। इसके अतिरिक्त विजय सिंह, रवि पाण्डेय, धीरज द्विवेदी, अनिल मिश्रा, रमानंद पटेल सहित कई लोग उसके शिकार बने है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जे.पी. पटेल, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश रावत, आरक्षक वीरेंद्र तिवारी और राजेश प्रजापति की अहम भूमिका रही।ब्लॉक्स ऐसे देता था ठगी की घटनाओं को अंजामआरोपी गांव में ऐसे लोगों से संपर्क करता था जिनको रेत या गिट्टी की जरूरत होती थी। वह साथी को रीवा भेजता था जो रेत और गिट्टी गिरवाने के लिए सौदा करता और गाड़ी लेकर वह संबंधित व्यक्ति के घर पहुंच जाता था। रेत गिरवाने के बाद वह पैसा ले लेता था और फरार हो जाता था। इस तरह से आरोपी ने कई ट्रक चालकों को शिकार बनाया था। यह सस्ते में रेत गिरवाने का सौदा तय करता था जिससे लोग उसके झांसे में आ जाते थे।

## भाजपा नेता गौरव ने रेल मंत्री से मुलाक़ात कर रीवा-बिलासपुर ट्रेन को दुर्ग तक विस्तार करने की माँग

रीवा



बिलासपुर ट्रेन को दुर्ग तक बढ़ाने पर जल्द निर्णय संभव रीवा । बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने रेल सेवाओं के विस्तार को लेकर एक ठोस पहल करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पत्र सौंपा और रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग तक विस्तारित करने की मांग रखी। गौरव तिवारी ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि यह ट्रेन विंध्य क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है, लेकिन इसका संचालन फिलहाल केवल बिलासपुर तक सीमित है। जबकि विंध्य क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शिक्षा, व्यवसाय और रोजगार के लिए छत्तीसगढ़, विशेषकर दुर्ग-भिलाई की ओर नियमित रूप से आवागमन करते हैं। बिलासपुर के आगे सीधी रेल सेवा नहीं होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने रेल मंत्री को सौंपे गए पत्र में लिखा कि दुर्ग और भिलाई न केवल औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टि से बल्कि शैक्षणिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण नगर हैं। यदि ट्रेन का विस्तार इन शहरों तक किया जाता है तो इससे यात्रियों को सुविधा और रेलवे को बेहतर राजस्व दोनों की प्राप्ति होगी। गौरव तिवारी ने यह भी बताया कि इस विषय को लेकर विंध्य क्षेत्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन लंबे समय से माँग कर रहे हैं। अब जब यह मांग रेल मंत्री तक पहुंची है, तो यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मांग पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट आने के बाद इस प्रस्ताव पर शीघ्र और सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## मऊगंज में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



मऊगंज

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई मऊगंज के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं संरक्षक दीनानाथ मिश्र के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और कृषि संकट से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।ज्ञापन में किसानों ने केंद्र सरकार से स्वामीनाथन आयोग की सी-2+50 प्रतिशत वाली सिफारिश को लागू करने तथा किसानों का सम्पूर्ण कर्ज माफ करने की मांग की। साथ ही राष्ट्रीय मुक्त व्यापार समझौते को निरस्त करने की अपील भी की गई।राज्य सरकार के समक्ष रखी गई मांगों में नकली खाद-बीज पर रोक, सूख रहे आम के वृक्षों की सुरक्षा, आवारा पशुओं से जानमाल की रक्षा, अमृत सरोवर तालाबों की जांच और मऊगंज-बरहटा फीडर अंतर्गत एक विद्युत सबस्टेशन का निर्माण प्रमुख हैं। इसके अलावा जंगली जानवरों से खेती की सुरक्षा और पुराने सिंचाई बांधों की मरम्मत कराने की मांग भी उठाई गई।जिला स्तर पर किसानों ने सेवा सहकारी समिति नौढ़िया को धान पंजीयन केंद्र बनाए जाने, रकरी और पचपहरा के त्रुटिपूर्ण नक्शों को सुधारने तथा नौढ़िया भट्ठा टोला, ढनगन और मैरहा टोला के नक्शों को त्रुटिपूर्ण सूची में शामिल करने की बात कही।इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी राकेश रतन सिंह, पंकज सिंह, नरेंद्र सिंह सहित कई किसान उपस्थित रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।



## आईटीआई कॉलेज में एचआईवी/ एड्स जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** शासकीय आईटीआई कालेज मे संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा द्वारा म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के निर्देशानुसार चल रहे 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को एचआईवी/एड्स जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एसएसके मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी/एड्स एवं यौन संचारित रोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बीमारी के फैलने के कारण, बचाव के उपाय और समय पर जांच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही टीबी जैसी गंभीर बीमारी पर भी विस्तृत चर्चा की गई।वक्ताओं ने बताया कि आज के समय में 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के युवा जानकारी के अभाव में इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर जांच एवं उपचार हेतु प्रेरित करना है। कार्यक्रम में एचआईवी/एसटीआई से जुड़ी अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी भी दी गई।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य सी.पी. सिंह, एसएसके काउंसलर अनिरुद्ध सिंह, एसएसके ओआरडब्ल्यू लवकुश वर्मा, शिक्षक एस.पी. मिश्रा, विवेक सोनी, शशिकांत गौतम, किरण तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गिरोह से जुड़े और आरोपियों की तलाश जारी,चोरहटा पुलिस की कार्रवाई

## नशीली सिरप की बड़ी खेप बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

रीवा ।



नशीली दवाओं की तस्करी करते चोरहटा थाना पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों बाइक से रेलवे स्टेशन के पास खाली मैदान में सिरप की डिलीवरी देने पहुंचे थे। ग्राहक का इंतजार कर रहे तस्करों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। इनके पास से 238 शीशी नशीली सिरप बरामद हुई है। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।गिरफ्तार आरोपियों में दीपक यादव उर्फ डीके (37) पिता शिवनाथ यादव निवासी रमकुई थाना चोरहटा और राहुल द्विवेदी (26) देवमर्माण द्विवेदी निवासी तिघरा थाना चोरहटा शामिल है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों युवक रेलवे स्टेशन के पास नशीली सिरप की डिलीवरी देने वाले हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखकर भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर बोरी में छुपाकर रखी 238 शीशी नशीली सिरप जब्त की गई। पूछताछ में बताया कि यह सिरप उन्हें दो सप्लायरों से 120 रुपए प्रति शीशी के हिसाब से मिली थी. जबकि इसकी प्रिंट कीमत 195 रुपए है। यह सिरप मेडिकल दुकानों को 80 रुपए में मिलती है और नशेड़ियों तक पहुंचने पर इसकी कीमत 250 रुपए तक हो जाती है। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि दीपक यादव पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत फरार चल रहा था। धौचट ढाबा के पास पकड़ी गई फोरव्हीलर में नशीली सिरप के मामले में वह आरोपी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए तस्करों ने पूछताछ में दो सप्लायरों के नाम बताए हैं प्रतीक सिंह निवासी धौचट और लवकुश शुक्ला। दोनों ने ही उन्हें नशीली सिरप सप्लाई की थी। पुलिस अब इनकी तलाश में जुट गई है।